# LALITPUR POLICE

## प्रेस नोट

दिनांक- 26.04.2024

**जनपद ललितपुर के थाना जाखलौन पुलिस द्वारा 02 किलो 31 ग्राम अवैध चरस(अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रुपये) सहित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

श्रीमान् अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं श्रीमान् पुलिस उप महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देश के क्रम में, श्रीमान् पुलिस अधीक्षक, ललितपुर श्री मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद ललितपुर श्री अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी सदर, श्री अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध शराब/मादक पदार्थों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जाखलौन पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन/वस्तु की चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर धौर्रा से भारौन रोड़ के किनारे बने कचरा घर के गेट के पास बहद ग्राम धौर्रा थाना जाखलौन से एक व्यक्ति- मोहम्मद शमी पुत्र मोहम्मद हाशिम उम्र करीब 70 वर्ष निवासी विजय नगर कच्ची बस्ती थाना शास्त्रीनगर जिला जयपुर राजस्थान को हिरासत में लिया गया, जिसके कब्जे से 02 किलो 31 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना जाखलौन पर मु0अ0सं0 67/2025 धारा 21/22 NDPS Act पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त मोहम्मद शमी को नियमानुसार गिरफ्तार कर, न्यायिक अभिरक्षा हेतु माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

**पूँछतांछ का विवरण-** अभियुक्त मोहम्मद शमी उपरोक्त ने पूंछतांछ करने पर बताया कि साहब, मैं अलग- अलग राज्यों से अवैध चरस लाकर, उ0प्र0, म0प्र0 व अन्य राज्यों के अलग-अलग जनपदों में बेचकर मोटा मुनाफा कमाता हूँ और उन रुपयों को अपने ऐशो-आराम में खर्च करता हूँ। साहब मुझसे गलती हो गयी है, माफ कर दीजिये।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

मोहम्मद शमी पुत्र मोहम्मद हाशिम उम्र करीब 70 वर्ष निवासी विजय नगर कच्ची बस्ती थाना शास्त्रीनगर जिला जयपुर राजस्थान।

**गिरफ्तारी का दिनांक -** 25.04.2025, समय-18:20 बजे।

**बरामदगी का विवरण–** अभि0 मोहम्मद शमी उपरोक्त के कब्जे से 02 किलो 31 ग्राम अवैध चरस बरामद होना।

**गिरफ्तार करने वाली टीम के अधि0/कर्म0 का नाम-**

1. थानाध्यक्ष श्री अभिषेक कुमार सिंह थाना जाखलौन जनपद ललितपुर।
2. उ.नि. श्री सुबोध सिंह थाना जाखलौन जनपद ललितपुर।
3. उ.नि. श्री संजय सिंह थाना जाखलौन जनपद ललितपुर।
4. हे0कां0 सर्वेश कुमार थाना जाखलौन जनपद ललितपुर।
5. कां0 ओमप्रकाश थाना जाखलौन जनपद ललितपुर।